# UPSSSC VDO Syllabus 2023 And Exam Pattern, Subject-Wise

**PUBLISHED BY: MY COACHING (mycoaching.in) ON 19/06/2023**

- UPSSSC VDO परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी जिसमें 150 प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा।
- UPSSSC VDO Exam की समय अवधि (Time Duration) 2 घंटे (120 मिनट) है।
- यह परीक्षा MCQs पर आधारित परीक्षा होगी।
- एक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काट लिया जाएगा। अर्थात 50% की minus marking है।

| **विषय** | **अंक** | **प्रश्नों की संख्या** | **समय** |
|---|---|---|---|
| हिंदी ज्ञान और लेखन | 100 | 50 | 40 मिनट |
| सामान्य बुद्धि परीक्षण | 100 | 50 | 40 मिनट |
| सामान्य ज्ञान | 100 | 50 | 40 मिनट |
| **कुल** | **300** | **150** | **120 मिनट(2 घंटे)** |

# हिन्दी ज्ञान और लेखन

हिन्दी ज्ञान और लेखन में कुल 50 प्रश्न पूछे जाएंगे जो 100 अंक होंगे। इस खंड में उम्मीदवारों से हिंदी भाषा के ज्ञान, समझ और लेखन कौशल से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। यह खंड उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल परीक्षा या इसके समकक्ष स्तर पर होगा।

### हिन्दी व्याकरण के प्रमुख अध्याय निम्नलिखित हैं-

- संज्ञा
- सर्वनाम
- विशेषण
- क्रिया विशेषण
- वाक्य एवं वाक्य के प्रकार
- समास,
- पर्यायवाची,
- विलोम,

- तत्सम एवं तद्भव,
- संधियां,
- वाक्यांशों के लिए एक शब्द,
- लोकोक्तियां एवं मुहावरे,
- वाक्य संशोधन,
- त्रुटि से सम्बन्धित,
    - लिंग,
    - वचन,
    - कारक,
    - काल,
    - वर्तनी,
- अनेकार्थी शब्द,
- अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न

# सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षण

सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षण में भी कुल 50 प्रश्न पूछे जाएंगे जो 100 अंक होंगे। जिसके प्रमुख अध्याय निम्नलिखित हैं-

- Number, Ranking & Time Sequence.
- Deriving Conclusions from Passages.
- Logical Sequence of Words.
- Alphabet Test Series.
- Arithmetical Reasoning.
- Situation Reaction Test.
- Coding-Decoding.
- Direction Sense Test.
- Analogy.
- Data Sufficiency.
- Clocks & Calendars.
- Statement – Conclusions.
- Logical Venn Diagrams.
- Statement – Arguments.

- Inserting The Missing Character.
- Puzzles.
- Alpha-Numeric Sequence Puzzle.

# सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान परीक्षण में भी कुल 50 प्रश्न पूछे जाएंगे जो 100 अंक होंगे। इस खंड में उम्मीदवारों से सामान्य विज्ञान, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्वपूर्ण घटनाएं, भारत का इतिहास, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था, विश्व भूगोल और जनसंख्या से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

### *जिसका वर्णन निम्नलिखित हैं-*

**सामान्य विज्ञान**: दैनिक अनुभव और प्रेक्षण से संबंधित विषयों के साथ विज्ञान के सामान्य ज्ञान और जानकारी पर प्रश्न होंगे, जिसे किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिन्होंने किसी वैज्ञानिक विषय का अध्ययन नहीं किया हो।

**भारतीय इतिहास**: भारत के इतिहास के अंतर्गत आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहलुओं की व्यापक जानकारी पर ध्यान देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के संदर्भ में उम्मीदवारों से भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की प्रकृति और विशेषताओं, राष्ट्रवाद की उदय और स्वतंत्रता प्राप्ति के बारे में सामान्य ज्ञान की उम्मीद की जाती है।

**भारतीय राजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था** के अंतर्गत भारतीय राज्यव्यवस्था, भारतीय संविधान, भारत की अर्थव्यवस्था और योजना की व्यापक लक्षणों के सवाल पूछे जाएंगे।

**भूगोल**: विश्व भूगोल और जनसंख्या में केवल विषयों की सामान्य जानकारी की जांच होगी, जिसमें भारत के भूगोल में भौतिक/पारिस्थितिक, आर्थिक, सामाजिक और जनसंख्या पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उपरोक्त सामान्य जानकारी को अभ्यर्थियों की विशेषता के रूप में उत्तर प्रदेश के परीक्षा माध्यम के लिए अपेक्षित किया जाता है।

- कम्प्यूटर के सामान्य ज्ञान।
- विज्ञान आविष्कार और खोज
- वर्तमान घटनाएं
- करंट अफेयर
- पुरस्कार और सम्मान
- आर्थिक समाचार

- बैंकिंग समाचार
- भारतीय संविधान
- किताबें और लेखक
- महत्वपूर्ण दिन
- इतिहास
- खेल शब्दावली
- भूगोल
- सौर प्रणाली
- भारतीय राज्य और राजधानियां
- देश और मुद्राएं

# प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न उत्तर

## यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 क्या है?

विस्तृत यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 यूपीएसएससी वीडीओ परीक्षा में कवर किए जाने वाले विषयों का अवलोकन प्रदान करता है। सिलेबस के तीन खंड हैं: सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षण, और हिंदी ज्ञान और लेखन क्षमता।

## "हिंदी ज्ञान और लेखन क्षमता" के खंड में यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 में कौन-कौन से विषय शामिल हैं?

यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 के "हिंदी ज्ञान और लेखन क्षमता" भाग में निम्नलिखित विषयों का विवरण दिया गया है:

- हिंदी लेखन कौशल
- हिंदी व्याकरण
- हिंदी शब्दावली

## यूपीएसएससी वीडीओ परीक्षा के सामान्य ज्ञान खंड के लिए आप किन महत्वपूर्ण विषयों पर अध्ययन करने की आवश्यकता है?

यूपीएसएससी वीडीओ परीक्षा के सामान्य ज्ञान खंड के लिए, महत्वपूर्ण है कि आप करंट अफेयर्स, भारतीय इतिहास, भूगोल, राजनीति, और अर्थशास्त्र के साथ-साथ मूल अवधारणाओं और सामान्य कंप्यूटर कौशल पर भी जागरूक रहें।

## यूपीएसएससी वीडीओ परीक्षा के सामान्य विज्ञान खंड के लिए मैं कौन-कौन से विषयों पर अध्ययन करें?

यूपीएसएससी वीडीओ परीक्षा के सामान्य विज्ञान खंड के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, और मूल वैज्ञानिक अवधारणाएं जैसे विषयों पर अध्ययन करें।

## यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 के द्वारा कौन-कौन से विषयों का आवरण किया गया हैं?

यूपीएसएससी वीडीओ सिलेबस 2023 के अंतर्गत सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क, और ग्रामीण विकास और ग्रामीण समाज जैसे विषयों की पाठ्यक्रम संबंधित हैं।

# सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 की पुनर्परीक्षा 2023 हेतु अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा केन्द्र का स्थान, परीक्षा तिथि व निर्धारित समय का भली-भाँति अवलोकन कर समझ लिया जाए । यह भी सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र में अंकित अर्हता / पात्रता की जांच आयोग द्वारा नहीं की गई है। अतः विज्ञापन में अर्हता/पात्रता को पढ़ कर अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित हो लें और पूर्णतया पात्र होने की दशा में ही परीक्षा में सम्मिलित हों। आयोग द्वारा जांच करने पर यदि किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी, अनर्ह / अपात्र पाये जाएगें, तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा ।

2- परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 02 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुँचना अनिवार्य है। परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घण्टा (30 मिनट) पूर्व मुख्य प्रवेश द्वार बन्द कर दिया जाएगा और परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात किसी भी दशा में अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । अतः परीक्षा केन्द्र पर यथा समय पहुँचना सुनिश्चित करें ।

3- प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाना अनिवार्य होगा तथा अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र के बाहर व केन्द्र के अन्दर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाएगा।

4- परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों की सुरक्षा जाँच की जाएगी। अभ्यर्थीगण आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र और अपनी फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा-आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पास पोर्ट/पैन कार्ड / मतदाता पहचान पत्र की मूल प्रति तथा एक छाया प्रति एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज की दो फोटो जिसके पीछे अभ्यर्थी का नाम व रोल नंबर लिखा हो, लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है, अर्थात् आवेदक सिर्फ प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र, पहचान पत्र की एक फोटो कापी, दो पास पोर्ट साईज फोटो तथा नीला / काला बाल प्वाइंट पेन लेकर ही परीक्षा कक्ष में जा सकता है। कोविड-19 प्रोटोकॉल के अंतर्गत अभ्यर्थी को हैण्ड सैनिटाईजर की छोटी बोतल भी साथ ले जाने की अनुमति होगी।

5- अभ्यर्थी किसी भी तरह का कैलकुलेटर, मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस, आई0पैड, पैन ड्राईव, हार्ड डिस्क, डेटा कार्ड, किसी भी तरह की हाथ की घड़ी, कोई विद्युत सामग्री या तार, कोई भी सामग्री जो धातु से बनी हो, कान में लगी किसी भी तरह की मशीन, कागज पर बनी सारणियाँ, ग्राफ शीट, मानचित्र, स्लाइड रूल्स आदि को लेकर परीक्षा केंद्र के भीतर नहीं जा सकेगा। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

6- परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के समय किसी अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र/पहचान पत्र व उपस्थित अभ्यर्थी की फोटो में किसी प्रकार की भिन्नता अथवा विसंगति पायी जाती है, तो सुरक्षा जांच टीम द्वारा उसे परीक्षा केन्द्र की हेल्पडेस्क को संदर्भित किया जाएगा। जांचोपरांत ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा में औपबंधिक रूप से सम्मिलित किये जाने अथवा न किये जाने के संबंध में केन्द्र अधीक्षक का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

7- परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के उपरांत अभ्यर्थीगण सीधे अपने आवंटित परीक्षा कक्ष में जाएंगे और निर्धारित सीट पर बैठेंगे । केन्द्र परिसर में निर्धारित कक्ष के अतिरिक्त अनावश्यक भ्रमण किये जाने पर केन्द्र अधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

8- परीक्षा केंद्र कोड 05 अंकों का है, जिसमें प्रथम दो अंक जिला कोड हैं तथा अंतिम तीन अंक परीक्षा केन्द्र कोड हैं। अतः अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर परीक्षा केंद्र कोड भरते समय इस बात का ध्यान रखते हुए 5 अंकों में परीक्षा केन्द्र कोड भरेगा।

9- अभ्यर्थीगण ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक व पंजीयन संख्या प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, परीक्षा केन्द्र कोड (05 अंकों का), परीक्षा तिथि व पाली आदि सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक काले/नीले बॉल पॉइंट पेन से भरेंगे। गलत प्रविष्टियां भरने पर •ओ0एम0आर0 का मूल्यांकन न होने अथवा अभ्यर्थन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। काले/ नीले बॉल पॉइंट पेन के अतिरिक्त अन्य किसी पेन का प्रयोग किये जाने पर अभ्यर्थी की ओ0एम0आर0 उत्तर पुस्तिका की जांच नहीं की जा सकेगी।

10- अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि उनकी ओ०एम०आर० उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उनके प्रश्न पुस्तिका क्रमांक के आधार पर ही किया जाएगा, अतः इस सम्बन्ध में अभ्यर्थीगण द्वारा विशेष सतर्कता अपेक्षित है। प्रश्न पुस्तिका क्रमांक के गलत भरे जाने की दशा में अभ्यर्थी स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा। आयोग द्वारा परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

11- अभ्यर्थीगण ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान पर स्वहस्त लिपि में हिन्दी में अपना पूरा नाम लिखेंगे तथा हस्ताक्षर करेंगे। निर्धारित स्थान पर हिन्दी में अपना नाम न लिखे जाने अथवा अन्य किसी भाषा में लिखे जाने पर ओ0एम0आर0 का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

12- परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्रावधान है, दो प्रश्न गलत होने पर एक सही प्रश्न का अंक काटा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर देना होगा। ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।

13- प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर होंगे, जो क्रमशः (A), (B), (C), (D) में अंकित रहेंगे । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर काले/नीले बाल पाइंट पेन से भरना है।

14- प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा प्रश्न पुस्तिका के ऊपर एवं ओ. एम. आर. के पार्श्व भाग पर छपे निर्देशों को भली-भाँति पढ़ लिया जाए। अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 पर गलत प्रविष्टि अंकित करने अथवा कोई प्रविष्टि अंकित न करने की दशा में ओ0एम0आर0 का मूल्यांकन कराया जाना सम्भव नहीं होगा जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। इसके सम्बन्ध में कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार्य/मान्य नहीं होगा।

15- अभ्यर्थीगण परीक्षा प्रारम्भ होते ही अपनी प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की भली-भांति जांच कर यह सुनिश्चित हो लेंगे कि प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित है एवं प्रश्न-पुस्तिका में सभी पृष्ठ मौजूद हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक अन्तरीक्षक से बदलवा लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

16- कक्ष अन्तरीक्षक की अनुमति के बिना परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्न-पुस्तिका नहीं खोली जाएगी। अनुमति के बिना प्रश्न-पुस्तिका को खोलकर प्रश्नों को पढ़ना / ओ0एम0आर0 में उत्तर अंकित करते हुए पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

17- परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक डाटा (फोटो एवं आईरिस स्कैन) कैप्चर किया जाएगा तथा उनके द्वारा उपस्थिति पत्रक में अपना विवरण भरते हुए उपस्थिति पत्रक में हस्ताक्षर भी किये जाएंगे। अभ्यर्थियों द्वारा बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर में असहयोग किये जाने अथवा

उपस्थिति पत्रक में विवरण व हस्ताक्षर नहीं किये जाने की स्थिति में उनका अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर व उपस्थिति पत्रक भरे जाने में लगने वाले समय की प्रतिपूर्ति हेतु अभ्यर्थियों को 05 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा |

18- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

19- यदि अभ्यर्थी के पास परीक्षा में नकल करने की कोई सामग्री पकड़ी जाती है तो परीक्षा विशेष से तथा आयोग की आगामी परीक्षाओं व चयनों से अभ्यर्थी को वंचित किया जा सकता है।

20- उत्तर पत्रक पर व्हाइटनर, ब्लेड अथवा रबड़ आदि का प्रयोग वर्जित है। यदि ओ0एम0आर0 शीट पर व्हाइटनर, ब्लेड अथवा रबड़ का प्रयोग पाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन प्रथमदृष्टया ही निरस्त कर दिया जाएगा।

21- परीक्षा समाप्ति के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा अपनी ओ0एम0आर0 उत्तर पुस्तिका की सभी तीनों प्रतियां कक्ष अन्तरीक्षक को सौंप दी जाएंगी। कक्ष अन्तरीक्षक परीक्षा कक्ष में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों की ओ० एम० आर० उत्तर पुस्तिका की तीनों प्रतियां एकत्रित कर गणना करेंगे व निर्धारित पैकेटों में सीलबन्द करेंगे। इन सीलबन्द पैकेटों पर परीक्षा कक्ष में उपस्थित कम से कम 02 अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर (उनके नाम व अनुक्रमांक सहित) भी कराए जाएंगे। इस कार्यवाही के पूरण होने तक सभी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में ही अपनी निर्धारित सीट पर शान्तिपूर्वक बैठे रहेंगे । कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पुस्तिकाओं की मूल प्रति व कोषागार प्रति परीक्षा कक्ष के अन्दर ही सीलबन्द किये जाने व ओ0एम0आर0 उत्तर पुस्तिका की अभ्यर्थी प्रति अभ्यर्थियों को वापस करने के उपरांत ही उन्हें परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

22- परीक्षा समाप्त होने के उपरांत अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की तृतीय प्रति ( अभ्यर्थी प्रति) एवं अपनी प्रयुक्त प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।

23- यदि किसी प्रश्न के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरणों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

24- उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-7/2019/3/4/86-का-2/2019, दिनांक- 04 दिसम्बर, 2019 एवं संख्या-आई0/210789/2022/65-3099/135/2022, दिनांक-08 सितम्बर, 2022 में दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। अभ्यर्थी श्रुतलेखक अपने साथ लाएगा, जिसे कोई यात्रा भत्ता आयोग द्वारा देय नहीं होगा। ऐसे अभ्यर्थी अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, परिचय पत्र एवं दो फोटो तथा श्रुतलेखक की आई0डी0 प्रूफ एवं शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति साथ लायें ।

25- ओ0एम0आर0 तथा फोटो युक्त उपस्थिति सूची पर सभी प्रविष्टियां सावधानी पूर्वक भरें । यदि किसी प्रकार की त्रुटि अभ्यर्थी द्वारा की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

26- अभ्यर्थी किसी भी दशा में मूल ओ0एम0आर0 अथवा ओ0एम0आर0 की द्वितीय प्रति अपने साथ नहीं ले जाएंगे अन्यथा उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।